# रंगों के साथ आज हुरियारों पर चढ़ेगा होली का सुरूर

## डांडा पूजन के बाद किया गया होलिका दहन, शहर में 7 दिनों तक मचेगी रंग पर्व की धूम



**शाजापुर। मारो भर-भर पिचकारी... होली का यही मतलब है... पूरे शहर में आज कुछ ऐसे ही गीत सुनने को मिलेंगे। धुलंडी पर जहां रंगों से तन-मन भीगेगा, तो वहीं सड़कें भी गुलाल से रंगीन हो जाएंगी। चंद्रशेखर आजाद होली उत्सव समिति द्वारा भी आजाद चौक में 7 दिनों तक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।**

गौरतलब है कि सोमवार शाम को नगर के 100 से अधिक होली दहन स्थल आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से जगमगाए। इस अवसर पर महिलाओं ने होली की पूजा-अर्चना की। लकड़ी, कंडे आदि से सुसज्जित होली स्थल सूरज ढलते ही आकर्षण का केंद्र बन गए। श्रीहरि विष्णु के परम भक्त प्रहलाद एवं उनकी बुआ होलिका से जुड़ा होली पर्व मनाने के लिए नगर की विभिन्न होली उत्सव समितियों द्वारा एक सप्ताह पूर्व तैयारियां प्रारंभ कर दी थी। प्राचीन मान्यता के अनुसार कुंआरी कन्याओं ने गोबर से बने भरगोलिये बनाकर होलिका का श्रृंगार भी किया। विधि-विधान के साथ होली का दहन किया गया।

**युवाओं ने की तैयारी...**

आज धुलेंडी पर्व है और युवाओं ने तरह-तरह के रंग खरीदकर रख लिए हैं। शहरवासियों का कहना है साल में एक बार आने वाली होली पर धमाल न हो तो मजा ही क्या। इस बार पूरे जोश से होली पर्व मनाएंगे। इसलिए हमने पहले से ही सारी तैयारियां कर ली हैं। सुबह एकत्रित होकर मित्रों के साथ ढोल की थाप पर नाचते-गाते टोली बनाकर बाजार में निकलेंगे। जहां एक ओर युवाओं ने होली खेलने की तैयारियां की है। वहीं युवतियों के साथ-साथ महिलाएं भी एक-दूसरे को रंग लगाने में पीछे नहीं रहेंगी। मोहल्लों में होने वाली होली की तैयारियां युवतियों ने भी कर ली है।

### फाग उत्सव की कल दी जाएगी प्रस्तुति

सर्व हिन्दू उत्सव समिति मीडिया प्रभारी सुमित भावसार ने बताया कि होली पर्व में प्रतिदिन दोपहर में नगरवासी रंगों से सराबोर रहेंगे। वहीं शाम को नगर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों की प्रतिभा से मंच सजेगा। 3 मार्च को सांई म्यूजिकल ग्रुप द्वारा होली के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी, 4 मार्च को इंदौर के जय श्री महाकाल आर्ट एवं डांस ग्रुप द्वारा श्री राधाकृष्ण फाग उत्सव की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन के तहत 5 मार्च को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नगर सहित आसपास के जिलों के प्रसिद्ध कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। आयोजन की इसी कड़ी में 6 मार्च को आजाद चौक में आर्केस्ट्रा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देवास के यंग मेलोडियंस ग्रुप के कलाकार अपनी सुमधुर आवाज से नगरवासियों का मनोरंजन करेंगे। 7 मार्च को एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान के आरआर म्यूजिकल ग्रुप के प्रसिद्ध कलाकार रोहित राजस्थानी भगवान सांवरिया सेठ के भक्ति गीतों की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 8 मार्च रविवार को नगर में फाग यात्रा निकाली जाएगी, जो आजाद चौक, सोमवारिया, मगरिया, काछीवाड़ा होते हुए बस स्टैंड पहुंचेगी।

### रात 10 बजे किया पूजन फिर दहन

आजाद चौक में सोमवार को नगर की प्रशासनिक, सामाजिक, धार्मिक व सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय मातृशक्तियों द्वारा होलिका का पूजन किया गया। इसके बाद रात्रि 10 बजे होलिका का दहन किया गया। फिर भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, होली उत्सव समिति संयोजक पं. गोविंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, सचिव अंकित अंबावतिया व सह संयोजक जीत पारछे ने नगरवासियों से आजाद चौक में होने वाले आयोजनों में शामिल होने की अपील की है।

### विभिन्न समाजों की निकलेगी गेर

वहीं धुलंडी के दिन शहर में सुबह से ही विभिन्न समाजों की गेर निकलेगी, जिसमें समाज के महिला-पुरुष ढोल के साथ समाज के उन घरों में पहुंचेंगे, जहां गमी हुई थी। यहां परिवार के सदस्यों पर रंग डालकर परंपरा निभाई जाएगी। मान्यता है कि समाजजनों द्वारा होली का रंग डालना शुभ कार्य होता है और इसके बाद से गमी वाले घर पर सभी त्यौहार और पर्व मनाना शुरू हो जाता है।

### होली की अग्नि में सेकेंगे बाटी...

धुलंडी के दिन शहरभर में लोगों के यहां विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनेंगे, लेकिन गवली समाज इस मौके पर भी अनोखी परंपरा का निर्वहन करेगा। धुलेंडी के दिन ग्रहण के चलते सुबह 6 ।30 बजे होली को ठंडा करने के बाद गवली समाज की सभी महिलाएं होली की आग में ही बाटी सेकेंगी। जिसका चूरमा बनाया जाएगा और फिर सारे समाज में उसे प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा।

## आज निकलेगी हुरियारों की टोली...

### मुहूर्त अनुसार होलिका दहन, सुरक्षा व्यवस्था के चलते तैनात रहेगा बल

**शुजालपुर। नगर सहित अंचलों में सोमवार को होलिका दहन के लिए जगह-जगह आकर्षक रूप से सजाई गई। दहन के पूर्व महिलाओं ने विधि-विधान से होलिका की पूजा-अर्चना करते हुए सुख व समृद्धि के लिए भगवान से कामना की।**



नगर स्थित सिटी क्षेत्र में 45 और मंडी क्षेत्र में 42 स्थानों पर होली दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। उक्त स्थलों को विद्युत सहित अन्य वस्तुओं से आकर्षित रूप से सजाया गया। लगभग सभी कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। होली दहन स्थानों पर शाम से ही भीड़ जुटने लगी थी। यहां पर महिलाओं ने परम्परागत रूप से पूजा-अर्चना कर सामग्री भेंट की। मंडी व सिटी क्षैत्र मे पुलिस बल तैनात रहा। नगर सहित अंचलों में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस पर्व के चलते गेर का आयोजन भी होगा, जिसमें हुरियारे शामिल होकर होली के रंगों में सराबोर होंगे। उल्लेखनीय है कि धुलेंडी पर टोलियों में नागरिक उन घरों तक भी पहुंचते हैं, जहां पर गमी हुई है। होली का रंग डालकर ऐसे परिवारों को सांत्वना दी जाती है। सिटी क्षेत्र में बजरंग अखाड़ा, स्नेही मित्र मंडल व्यायामशाला तथा मंडी व फ्रीगंज में गैर का आयोजन किया जाएगा।

**जामनेर में हुआ आयोजन**

रंगों का पर्व होली होली दहन होने के बाद ही रंग-गुलाल बरसना प्रारंभ हो जाता है। जामनेर में होलिका दहन स्थानों की साज सज्जा फूलों व वंदनकारी आदि से हिन्दू परम्पराओं के मुताबिक गोबर से भटगुलिया से बनाई गई। भटगुलियों की माला बनाकर होली की विधिवत पूजा अर्चना की गई। उल्लेखनीय है कि होली दहन होने के बाद नगर व ग्राम के लोग होली की परिक्रमा करते हैं। परिक्रमा करते समय होलिका की जयकार करते हुए जौ अथवा गेहुं की बालिवा अग्नि में दाना डालते हैं।

### श्री गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली में फाग महोत्सव का समापन आज

शाजापुर की पुष्टीमार्गी श्री गोवर्धन नाथ मंदिर हवेली में 40 दिवसीय फाग महोत्सव का आज समापन फूल डोल उत्सव के साथ संपन्न होगा। मंदिर के मुखिया निकुंज एवं योगेश मेहता ने बताया कि 3 मार्च को सुबह 9 से 12 बजे तक फूल डोल उत्सव के साथ होली पर्व का समापन होगा। मेहता ने बताया कि आज ठाकुर जी के साथ टेसू के फूलों का रंग, चांदी के पिचकारी से होली खेली जाएगी और प्रसाद रूपी रंग भक्तों पर डाला जाएगा। आज ठाकुर जी के साथ होली खेलते हुए आज ब्रज में होली है रसिया जैसे भजनों की धुन पर भक्तगण ठाकुर जी का प्रसाद रूपी रंग अपने ऊपर पाकर भाव विभोर हो जाएंगे। मेहता ने भक्तगणों से होली पर्व का लाभ लेने का अनुरोध किया है। मेहता ने बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष की 12000 हवेलियां में आज फूल डाल होली पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## एक नजर में

### युवा संगम रोजगार मेला 5 मार्च को

**शाजापुर।** मध्यपदेश शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार एक ही छत के नीचे युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय आईटीआई जिला उद्योग केंद्र एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन शाजापुर द्वारा 5 मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेला में आमंत्रित निजी क्षेत्र की नियोजक कंपनियों के द्वारा सेल्समेन, सिक्यूरिटी गार्ड, ट्रेनी, सेल्स एवं मार्केटिंगए वर्कर, हेल्पर, मशीन ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, सहायक, हेल्पर, एक्जीक्यूटिव फील्ड ऑफिसर, बीमा सलाहकार आदि पदों पर कम्पनियों के रिक्त लगभग 300 से अधिक पदों पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारंम्भिक चयन करेंगे। रोजगार मेले में कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट एवं आईटीआई उत्तीर्ण एवं 18 से 40 वर्ष तक के आयु के आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्रों एवं आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, रिज्यूम के साथ युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला में आकर चयन हेतु साक्षात्कार दे सकते हैं। साथ ही आवेदको को कॅरियर काउंसिलिग के माध्यम से मनोवैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## गौरव और अमन ने किया शाजापुर का नाम रोशन



### पुलिस कल्याण खेल प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुलिसकर्मियों के बच्चों को मिली उपलब्धि

**शाजापुर। मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मध्य प्रदेश पुलिस कल्याण खेल प्रोत्साहन योजना वर्ष 2025 के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों के बच्चों को केंद्रीय कल्याण निधि से प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।**

पुलिस आरक्षक लक्ष्मी नारायण यादव के सुपुत्र गौरव यादव ने जूडो फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित किया। इस उपलब्धि पर उन्हें पुलिस मुख्यालय द्वारा केंद्रीय कल्याण निधि से 5000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इसी प्रकार आरक्षक यादव के ही सुपुत्र अमन यादव ने एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में लंबी कूद एवं 200 मीटर शॉर्ट रनिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं एक कांस्य पदक प्राप्त किया, इस उपलब्धि के लिए उन्हें 8000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

**खेल के क्षेत्र में आगे बढ़नेकी योजना**

पुलिस अधीक्षक शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत द्वारा दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित राशि के चेक प्रदान करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं पुलिस परिवार के बच्चों को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती हैं तथा उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक सिद्ध होती हैं।

## शाजापुर में शार्ट सर्किट से केबल में आग

### द्वारकापुरी कॉलोनी में 4 से 5 मीटर बिजली तार जला

**शाजापुर। नगर की द्वारकापुरी कॉलोनी में सोमवार सुबह बिजली केबल में शार्ट सर्किट से आग लग गई, यह घटना वार्ड क्रमांक 25 में डीपी के पास हुई, जिससे लगभग चार से पांच मीटर जलकर क्षतिग्रस्त हो गई।**




बताया गया कि डीपी के पास करीब 50 मीटर से अधिक केबल अस्थायी रूप से लटकी हुई थी, जिसमें शार्ट सर्किट के कारण आग भड़की। सूचना मिलते ही मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत सुधार कार्य प्रारंभ किया। कंपनी के जेई अहिरवार ने पुष्टि की कि आग शार्ट सर्किट के कारण लगी थी। कर्मचारियों ने स्थिति को नियंत्रित कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए।

### अप्रिय घटना रोकने के लिए विद्युत अमला रहा अलर्ट

इस घटना के बाद विद्युत वितरण कंपनी ने होलिका दहन के दौरान आम जनता से सावधानी बरतने की अपील की है। कंपनी ने निर्देश दिए हैं कि होलिका दहन बिजली लाइनोंए ट्रांसफार्मर, खंभों और केबलों से पर्याप्त दूरी पर ही किया जाए। कंपनी ने चेतावनी दी है कि विद्युत संसाधनों के पास आग जलाने से बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। वहीं विद्युत लाइनों और ट्रांसफार्मर के पास गीला रंग न उड़ाने की भी सलाह दी गई हैए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### एचबीएनसी और एचबीवायसी का प्रशिक्षण आयोजित

**शाजापुर।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार विगत 28 फरवरी को जनपद शुजालपुर के सभाकक्ष में और आज पोलायकला ग्रामीण और शहरी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का एचबीएनसी और एचबीवायसी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें बीएमओ डॉ। महेंद्र परमार, कमलेश सोनानिया, बीपीएम, बीसीएम, सीडीपीओ, सेक्टर सुपरवाइजर पोलायकलां उपस्थित थे।

### अक्षत शर्मा ने बढ़ाया नगर का मान

**शाजापुर।** नगर के अक्षत पिता मनोजकुमार शर्मा ने भारतीय चार्टर्ड अकाउंट्स नई दिल्ली द्वारा आयोजित 2025 चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जिन्होंने उत्कृष्ट रेंक हासिल कर नगर का मान बढ़ाया है।

## जल संकट निगरानी के लिए बनाया कंट्रोल रूम

**शाजापुर। कलेक्टर ऋजु बाफना के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट निगरानी एवं हैंडपंप संधारण संबंधी शिकायतों त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण प्रकोष्ट / कंट्रोल रूम स्थापित किया गया हैं।**

कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07364-292065 है। कंट्रोल रूम प्रभारी उपयंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड शाजापुर सुष्मिता सांगोलकर है। कंट्रोल रूम में 8 से 10 बजे तक ओमप्रकाश मालवीय एवं 10 से 6 बजे अमन खाटके की ड्यूटी रहेगी। अवकाश वाले दिवस में 10 से 6 बजे तक रामचंद्र भिलाल एवं अरूण सेनी नियंत्रण प्रकोष्ठ में कार्य करेंगे। उपखण्ड शाजापुर स्तर पर भरतराम मेहर सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड शाजापुर मोबाइल नंबर 9542008685, विकासखण्ड शाजापुर में शैलेन्द्र बंडोड उपयंत्री मोबाइल नंबर 9131593016 एवं विकासखंड मो. बड़ोदिया रोहन डोडियार उपयंत्री मोबाईल नंबर 8109397837 प्रकोष्ठ का दूरभाष क्रमांक 07364-228003 है। उपखण्ड शुजालपुर स्तर पर श्रीमती योगिता रानी मार्को सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड शुजालपुर मोबाइल नंबर 8770680898, विकासखण्ड कालापीपल एवं शुजालपुर अमृतलाल धाकड़ उपयंत्री मोबाईल नंबर 669288850 प्रकोष्ठ का दूरभाष क्रमांक 07360-292727 है। ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए खंड एवं उपखण्ड स्तर पर एक-एक कंट्रोल रूप की स्थापना की गई है। ग्रामीणजन कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों के मोबाईल नंबर पर भी समस्या से अवगत करा सकते हैं।

## स्वरोजगार-अप्रेन्टिसशिप मेला 6 को

### शासकीय महाविद्यालय बडौद में होगा आयोजन

**सोयतकलां। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला रोजगार कार्यालय तथा शासकीय महाविद्यालय बडौद के सहयोग से 6 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन शासकीय महाविद्यालय बडौद जिला आगर मालवा में किया जा रहा है।**

इस मेले का उद्देश्य जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है, रोजगार मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, साथ ही स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदान करने वाले शासकीय विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देकर युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में भाग लेने हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमाडिग्री, स्नातक एवं स्नातकोत्तर निर्धारित की गई है। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जिले के ऐसे युवा जो रोजगार, स्वरोजगार या प्रशिक्षण की तलाश में है, वे इस रोजगार मेले में उपस्थित होकर सुनहरा अवसर प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है।

**एक नजर में** — राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष आयोजन पूर्ण

## सेवा योजना शिविर में स्वयंसेवकों ने लिया राष्ट्रसेवा का संकल्प

**शुजालपुर। शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर वराह मिहिर डोम प्रांगण में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। 23 फरवरी से ग्राम कमलिया में संचालित इस शिविर से लौटे स्वयंसेवक दल का महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया तथा समापन समारोह आयोजित हुआ।**




शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्राम विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विविध कार्यक्रम संचालित किए। प्रतिदिन प्रभात फेरी निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, नशामुक्ति, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। योगाभ्यास एवं व्यायाम के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति सजगता विकसित की गई। बौद्धिक सत्रों में सामाजिक कर्तव्य, संविधानिक मूल्य एवं युवा शक्ति की भूमिका पर विचार-विमर्श हुआ। स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थलों की साफासफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया तथा दीवार लेखन व रैली के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई। ग्राम सर्वेक्षण कर ग्रामीण समस्याओं का अध्ययन भी किया गया। शिविर का संचालन शिविर नायिका हर्षिता नागजी एवं शिविर नायक मनोहर सिंह के नेतृत्व में हुआ। समापन समारोह में देशभक्ति गीत, नाटक एवं समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। उत्कृष्ट कार्य के लिए निवेद, निसर्ग, शीतल एवं शिवानी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र कुम्भकार के मार्गदर्शन में शिविर सफल रहा। प्रीतम परमार का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ। आर के शर्मा, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. बी के त्यागी उपस्थित रहे। अध्यक्ष खन्ना ने कहा कि शिविर में अर्जित अनुभव विकसित राष्ट्र के निर्माण में सहायक होंगे। अंत में स्वयंसेवकों ने राष्ट्रसेवा का संकल्प लिया।

### विकसित भारत युवा संसद में युवाओं ने रखे प्रभावी विचार...

महाविद्यालय में आयोजित विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राष्ट्र के समग्र विकास, लोकतांत्रिक मूल्यों और युवा नेतृत्व पर प्रभावी विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि आलोक खन्ना एवं विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह परिहार रहे, जबकि मेरा युवा भारत के अधिकारी सागर वाधवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ। आर के शर्मा ने युवाओं को विकसित राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया। निर्णायक मंडल में दिनेश व्यास एवं डॉ। अर्चना व्यास ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में अभिषेक शर्मा ने प्रथम, रोहित कराड़ा ने द्वितीय, ज्योति विश्वकर्मा ने तृतीय, प्रीति सिंह राठौड़ ने चतुर्थ तथा चेतना वैष्णव ने पंचम स्थान प्राप्त किया। संचालन प्रो। पूनम राठौड़ तथा आभार प्रदर्शन डॉ। आशीष यादव ने किया।

### सरसों फसल के पंजीयन 20 मार्च तक

**शाजापुर।** किसान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में इस वर्ष भारत सरकार की प्राईस डिफिसिट पेमेंट स्कीम भावांतर योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में सरसों फसल का ई उपार्जन पोर्टल पर 26 फरवरी से 20 मार्च तक पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए जिले में चना एवं मसूर के लिए पूर्व निर्धारित 67 पंजीयन केन्द्र सरसो के लिए भी प्रस्तावित किये गए है। उपसंचालक कृषि ने बताया कि किसान पंजीयन आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधारकार्ड, जमीन की पावती बी1, बैंक पासबुक, मोबाईल नंबर आधार से लिंक समग्र आईडी एवं एग्रीटेक आईडी नं इत्यादि का होना अनिवार्य है। किसान भाई अपने नजदीकी ग्रापं, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था एवं एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन व्यवस्था है।